सैन फ्रांसिस्को शहर और काउंटी
सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग
पर्यावरण स्वास्थ्य अनुभाग

1390 Market Street, Suite 210
San Francisco, CA 94102
Main: (415) 252-3800
Fax: (415) 252-3842
http://www.sfdph.org/dph/EH/ResidentialHotels/

अद्यतन किया गया: जनवरी 2011/ जे.ओ.

खटमलों के नियंत्रण के लिए किराएदार की मार्गदर्शिका

सैन फ्रांसिस्को शहर एवं काउंटी
सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग

Environmental Health Section
1390 Market Street, Suite 210
San Francisco, CA 94102

खटमलों के उपचार एवं उनके एक कमरे से दूसरे कमरे में भागने को रोकने के लिए कमरे को कैसे तैयार करें

खटमल क्या होते हैं?

खटमल छोटे कीट होते हैं जो मनुष्यों, पशुओं, पक्षियों एवं अन्य पशुओं के रक्त से भोजन प्राप्त करते हैं। खटमल परजीवी होते हैं। प्रौढ़ खटमल ¼ इंच (चौथाई इंच) लंबे होते हैं। इनके पंख नहीं होते हैं और वे उड़ते नहीं हैं। भोजन करने (खून चूसने) से पहले उनका शरीर चपटा होता है और उसके पश्चात् गोल हो जाता है। नवजात खटमलों को 'अर्भक (निम्फ)' कहा जाता है, और उनके छोटे सफेद सफेद लगभग देखने के लिए बिल्कुल छोटे होते हैं।

दिखावट

गद्दों में फंसे खटमल

प्रौढ़ खटमल

मैं कैसे पता लगाऊं कि मेरे यहाँ खटमल हैं?

यदि आपके यहाँ खटमल हैं तो उनके काटने पर आपको खुजलीदार ददोड़े हो जाएंगे। आप अपने कमरे में जीवित या मृत खटमलों को देख सकते हैं। अपने गद्दों, चादरों या तकिए के गिलाफों पर रक्त या मल के दाग देखें।

खटमल इमारतों में कैसे आ जाते हैं?

जब लोग अपने सामान जैसे लगेज, कपड़ों, फर्नीचर, या बिस्तर को ऐसे क्षेत्रों में खुला छोड़ देते हैं जो खटमलों से ग्रस्त होते हैं तो खटमल एक जगह से दूसरी जगह पहुँच जाते हैं। खटमल सड़कों पर अज्ञात मूल की वस्तुओं जैसे प्रयोग किया गया फर्नीचर या प्रयोग किए गए हाथ के कपड़ों को एकत्र करने से भी आ सकते हैं।

क्या वे मुझे बीमार बना सकते हैं?

जब खटमल काटते हैं तो उनके मुंह की लार लोगों में खुजली पैदा करती है। यदि खुजली के कारण लोगों को बहुत ज्यादा खुजाना पड़ता है तो उनके अपने शरीर में अन्य संक्रमण हो सकता है। खटमलों को मानवों में किसी रोग के संचारित करने के लिए नहीं जाना जाता है।

बचावः मैं खटमलों से कैसे छुटकारा पाऊँ?

1. जब भी आप खटमलों या उनके चिन्हों को देखें तो तुरंत प्रबंधक को सूचित करें।
2. प्रबंधक को खटमलों के काटने या अपने कमरे में खटमलों के किसी प्रमाण के बारे सूचित करें।
3. खटमलों से छुटकारा दिलाने वाले व्यक्ति (कीट नियंत्रण ऑपरेटर) को अपने कमरे में आने की अनुमति दें। खटमलों के उपचार में प्रबंधक और कीट नियंत्रण ऑपरेटर का सहयोग करें।
4. खटमलों का उपचार करने से पहले अपने कमरे को तैयार करें। जिस दिन कीट नियंत्रण ऑपरेटर आपके कमरे में आता है उस दिन अपने कपड़ों और बिस्तर के कवरों को प्लास्टिक की थैलियों में सील कर दें और उन्हे लाउंडरोमेट पर धोयें।
5. सभी बिस्तरों और कपड़ों को **गर्म पानी** से धोयें और **सबसे गर्म** सेटिंग पर सुखायें। अपने साफ बिस्तरों और कपड़ों को अपने कमरे का उपचार पूरा हो जाने तक वापस न ले जायें या यदि आप स्थानांतरित हो रहे तो नए कमरे में न ले जाए। धुले हुए सभी कपड़ों को प्लास्टिक के नए थैलों में रखें।
6. स्नान करें और अपने पहनने वाले कपड़ों को धोयें और धुले हुए साफ कपड़ों को ही पहनें।
7. प्रत्येक खटमल उपचार के लिए कपड़ों को धोने और सुखाने को दोहरायें।

8. यदि खटमलों के बारे में आपकी शिकायत पर आपका प्रबंधक कोई कार्यवाही नहीं करता है तो **सैन फ्रांसिस्को के सार्वजनिक स्वास्थ्य के विभाग** को **(415) 252-300 (मुख्य)** पर फोन करें।